दैनिक जागरण
16-01-2025

वित्तीय स्वतंत्रता पर कार्यशाला में बताए निवेश के टिप्स

जासं • अंबाला : नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने जीएमएन कालेज अंबाला कैंट में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, संकाय सदस्यों और समुदाय के सदस्यों को वित्तीय साक्षरता के महत्व और वित्तीय रूप से स्वतंत्र भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदमों के बारे में शिक्षित करना था। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन वित्तीय स्वतंत्रता के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। डा. भारती सुजान एमबीए विभागाध्यक्ष ने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई अंतर्दृष्टि एक निवेश पोर्टफोलियो बनाने और स्टाक, म्यूचुअल फंड और बांड जैसे विभिन्न वित्तीय साधनों में विविधता लाने के लाभों में मदद करती है। प्रो. कमलप्रीत कौर, द्विजेन दत्ता, गीता कौशिक, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. अर्चना जैन एवं प्रो. योगिता ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई।